# महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

## राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति सप्तदिवसीय व्याख्यान–माला

23–29 अगस्त, 2021

| तिथि | वक्ता | विषय | अध्यक्षता | संचालन |
|---|---|---|---|---|
| 23 अगस्त, 2021 | डॉ.वी.रामनाथन (आई.आई.टी.,बी.एच.यू.) | पास्कल से पूर्व पास्कल त्रिभुज | डॉ. अजीथा डी.एस. | डॉ. सुबोध कुमार मिश्र |
| 24 अगस्त, 2021 | डॉ. गीता सिंह (दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर) | पर्यावरण और खाद्‌य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में कृषि में कीटनाशकों की भूमिका | डॉ. विजय कुमार चौधरी | डॉ. सुबोध कुमार मिश्र |
| 25 अगस्त, 2021 | डॉ. राजेश्वर आचार्य, (पद्‌मश्री विभूषित) | संगीत एवं आध्यात्म | डॉ. विजय कुमार चौधरी | सुश्री दीप्ति गुप्ता |
| 26 अगस्त, 2021 | डॉ. इन्दुमती काटदरे (कुलपति, पुनरूत्थान विद्यापीठ, गुजरात) | युवावस्था में जीवन विकास के सूत्र | श्रीमती शिप्रा सिंह | श्री मनीष त्रिपाठी |
| 27 अगस्त, 2021 | लेफ्टिनेंट जनरल डी.वी. शेकटकर, कुलाधिपति, सिक्किम केन्द्रीय विश्वविद्यालय | राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियाँ एवं सामाजिक दायित्व | डॉ. अविनाश प्रताप सिंह | श्री मनीष त्रिपाठी |
| 28 अगस्त, 2021 | डॉ. अनन्त नरायण भट्‌ट, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डी.आर.डी.ओ., नई दिल्ली | कोविड–19 महामारी के लिए सुरक्षात्मक और चिकित्सकीय ज्ञान : प्राचीन वैदिक संस्कृति से आधुनिक विज्ञान तक | डॉ. गीता सिंह | श्री मनीष त्रिपाठी |
| 29 अगस्त, 2021 | प्रो. एच.सी. वर्मा (पद्‌मश्री विभूषित) पूर्व आचार्य, भौतिकी विभाग, आई.आई. कानपुर | समर्थ शिक्षक समर्थ भारत | लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह | डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर |

## युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित साप्ताहिक ऑनलाइन व्याख्यानमाला ( 23-29 अगस्त 2021 )


**व्याख्यानमाला का उद्घाटन** - 23 अगस्त को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रहालीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 7वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित ऑनलाइन साप्ताहिक व्याख्यानमाला के उद्घाटन अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी.एच.यू.), वाराणसी के रसायन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. वी. रामानाथन ने 'पास्कल से पूर्व पास्कल त्रिभुज' विषय पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रस्ताविकी प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने प्रस्तुत दी। अतिथि स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार वर्नवाल ने किया।

**व्याख्यानमाला का दूसरा दिन** - 24 अगस्त को मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. गीता सिंह ने 'पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में कृषि कीटनाशकों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास एवं संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता



व्याख्यान माला के प्रथम दिन अध्यक्षीय उद्बोधन देती डॉ. अजिथा डी.एस.


व्याख्यान माला में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान



व्याख्यान माला के दूसरे दिन उद्बोधन देती डॉ. गीता सिंह

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (से.नि.) डॉ. अतुल वाजपेयी ने की।

**व्याख्यानमाला का तीसरा दिन** - 25 अगस्त को 'संगीत एवं आध्यात्म' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के ललित कला एवं संगीत विभाग के सेवानिवृत्त आचार्य, पद्मश्री सम्मानित डॉ. राजेश्वर आचार्य ने ऑनलाइन व्याखान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता तथा अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने की।



व्याख्यान माला के तीसरे दिन उद्‌बोधन देते डॉ. राजेश्वर आचार्य

**व्याख्यानमाला का चौथा दिन**- 26 अगस्त को पुनरूत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद, गुजरात की कुलपति डॉ. इन्दुमति काटदरे ने 'युवा अवस्था में जीवन विकास के सूत्र' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने तथा संचालन महाविद्यालय के पुरातन छात्र श्री मनीष कुमार त्रिपाठी ने किया।



व्याख्यान माला के चौथे दिन उद्‌बोधन देती डॉ. इन्दुमती काटदरे

**व्याख्यानमाला का पाँचवा दिन**- 27 अगस्त को 'राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियाँ एवं सामाजिक दायित्व' विषय पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेन्ट जनरल डी.वी. शेकटकर ने ऑनलाइन उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार त्रिपाठी तथा अतिथि स्वागत एवं अध्यक्षता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।



व्याख्यान माला के पाँचवे दिन उद्‌बोधन देते से.नि. ले.ज. डी.वी. शेकटकर एवं उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी

**व्याख्यानमाला का छठवां दिन**- 28 अगस्त को डी.आर.डी.ओ., नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनन्त

**व्याख्यान माला : समापन समारोह**- 29 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्त-दिवसीय व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर 'समर्थ शिक्षक-समर्थ भारत' विषय पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के भौतिकी विभाग के पूर्व आचार्य, पद्मश्री से सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध भौतिकविद् प्रोफेसर एच.सी. वर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं अध्यक्षता भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल दुष्यन्त सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र कुमार ठाकुर ने किया। 7 दिनों तक चलने वाली इस ऑनलाइन व्याख्यान माला का संयोजन डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के सातों दिनों में महाविद्यालय के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और श्रोतागण सक्रिय रुप में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षक-विद्यार्थी एवं प्रबुद्धजन की ऑनलाईन सहभागिता हुई।



व्याख्यान माला के समारोप अवसर पर उद्‌बोधन देते प्रो. एच.सी. वर्मा एवं अध्यक्षता करते से.नि. मे.जन. दुष्यन्त सिंह